कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

पत्रांक- 979 / 12-1 , कोटबंगला दिनांक 14 / 09 /2020

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0,
चिन्यालीसौड़।

विषय :— <u>जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ में डुण्डा—धनारी—सेम—मुखेम मोटर मार्ग का पटूड़ी से आगे सेम नागराजा मन्दिर तक मार्ग का निर्माण हेतु 8.803 हे0 वन भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण के सम्बन्ध में (लम्बाई—10.00 कि0मी0) प्रस्ताव सं0—**FP/UK/ROAD/40370/2019।**</u>

सन्दर्भ :— <u>अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 12.09.2020 को किये गये स्थलीय निरीक्षण के क्रम में।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्रम में अवगत कराना है कि दिनांक 12.09.2020 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग के समरेखण का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कमियां देखी गयी —

1. मोटर मार्ग के समरेखण में मार्किंग पिल्लर्स नही लगाये गये है, जिससे मोटर मार्ग के समरेखण का पता नही चल पा रहा है। अतः मार्किंग पिल्लर्स लगाये जाने अति आवश्यक है।
2. वैकल्पिक समरेखण (Alternate alignment) में आने वाले वृक्षों एवं भूमि का विवरण प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं किया गया है। इसलिए इसे सम्मिलित किया जाना अनिवार्य होगा।
3. प्रस्ताव में संधारित किये गये मक डम्पिंग प्लान का अवलोकन करने पर देखा गया कि परियोजना में उपयोग में लाये जाने वाले मलवे की मात्रा 50 प्रतिशत दिखायी गयी है, जो कि वास्तव में सम्भव प्रतीत नहीं होता है। इसलिये उक्त परियोजना हेतु नया मक डिस्पोजल प्लान तैयार कर प्रस्ताव में संधारित किया जना अनिवार्य होगा।

अतः उक्त बिन्दुओं का अनुपालन कर अपनी अनुपालन आख्या ऑनलाइन अपलोड कर हार्ड कापी इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।